देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की शोध छात्रा इंडियन साईंस कांग्रेस में सम्मानित

दिनांक 08/01/2020। स्कूल ऑफ केमिकल साईंसेज, देअविवि, इन्दौर की शोध छात्रा कुमारी टिवंकल सोलंकी को इंडियन साईंस कांग्रेस के बैंगलोर में सम्पन्न हुए 107वें अधिवेशन में प्रतिष्ठित ''युवा वैज्ञानिक'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार भारत के उप राष्ट्रपति श्री वैंकया नायडू जी द्वारा दिनांक 07 जनवरी को समापन समारोह में प्रदान किया गया। इस वर्ष यह साईंस कांग्रेस यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीक्लचरल साईंसेज, बैंगलोर में 3–7 जनवरी 2020 के मध्य आयोजित हुई जिसका उद्घाटन 03 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया। कुमारी टिवंकल सोलंकी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ केमिकल साईंसेज की प्रोफेसर डॉ. प्रतिभा शर्मा के मार्गनिर्देशन में शोधरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. रेणु जैन एवं कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बधाई दी।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी